0646CH19

उन्नीसवाँ पाठ

प्रदर्शनी

सलमा : सुजाता! कल शाम को मैं तुम्हारे घर गई थी। लेकिन, तुम नहीं मिली।

सुजाता : हाँ सलमा! मुंबई से मेरी चचेरी बहन रंजना आई है न, मैं उसको लेकर प्रगति मैदान चली गई थी। वहाँ हस्तशिल्प की प्रदर्शनी लगी हुई है। हम दोनों को यह प्रदर्शनी बहुत अच्छी लगी। तुम साथ होती तो और मज़ा आता।

सलमा : प्रदर्शनी में तुमने क्या-क्या देखा?

सुजाता : हम दोनों सभी राज्यों के मंडप देखने गए। सभी मंडप खूब सजाए गए थे। अलग-अलग स्थानों पर कई राज्यों के हस्तशिल्पों की प्रदर्शनियाँ लगी हुई थीं। मिट्टी, लकड़ी और

बेंत के सुंदर-सुंदर सामान तो थे ही, हाथ की कढ़ाई से कपड़े पर मनमोहक चित्र भी बने हुए थे। इस अवसर पर कई कार्यक्रम हो रहे थे। हम दोनों ने कर्नाटक से आए कलाकारों के यक्षगान और तमिलनाडु से आए कलाकारों के भरतनाट्यम् देखा, उड़ीसा के कलाकारों के ओडिसी नृत्य और केरल के कलाकारों के कुचीपुड़ी देखा, बहुत मज़ा आया।

© NCERT not to be republished

सलमा : मुझे भी कत्थक और मणिपुरी नृत्य बहुत अच्छे लगते हैं। प्रदर्शनी से तुम लोगों ने क्या-क्या खरीदा?

सुजाता : हमने असम और नागालैंड के बने दो बैग खरीदे। बेंत से बना हुआ, फूलों वाला गमला और बाँस से बना टेबल लैंप रंजना के लिए खरीदे। रंजना ने अपने लिए राजस्थान के कढ़ाईवाले कपड़े और बंगाल के पवेलियन से एक जूट का थैला खरीदा। उसने जम्मू-कश्मीर के मंडप से अपनी माता जी के लिए एक शाल खरीदी।

सलमा : रंजना मुंबई कब लौटेगी?

सुजाता : अगले सप्ताह के बाद।

सलमा : क्या तुम दोनों कल मुझे साथ लेकर प्रगति मैदान चल सकती हो?

सुजाता : कल रविवार है सलमा! छुट्टी के दिन भीड़ बहुत होती है। हम किसी दूसरे दिन चलें तो आराम से प्रदर्शनी देख सकेंगे।

अभ्यास

1. पढ़ो और बोलो

(क)

प्रदर्शनी	मंडप	हस्तशिल्प	राज्य	स्थान
मनमोहक	मिट्टी	छुट्टी	भरतनाट्यम्	रहना
ओडिसी-नृत्य	सप्ताह	लौटना	मणिपुरी नृत्य	सजाना

(ख)

हस्तशिल्प–हाथ की कारीगरी	चचेरी बहन– चाचा की बेटी
अवसर–मौका	मनमोहक– मन को मोह लेनेवाला
सुंदर– खूबसूरत	

© NCERT not to be republished

2. पढ़ो और समझो

मैं	गया/गई हूँ	हम	गए/गई हैं
तुम	गए/गई हो	आप	
वह/यह	गया/गई है	वे/ये	

मैं	गया/गई थी	हम	गए थे/गई थीं
तुम	गए/गई थीं	आप	
वह/यह	गया/गई थी	वे/ये	

3. कोष्ठक में दिए गए शब्दों की सहायता से नमूने के अनुसार वाक्य बदलकर लिखो।

नमूना

राजीव एक बार प्रदर्शनी में गया है। (पहले भी)

राजीव पहले भी प्रदर्शनी में गया है।

(पिछले गुरुवार को, शाम को, आज ही)

1. माधवी अभी-अभी लौटी है। (आज ही) ....
2. हम आज मेले से एक फ्रिज़ लाए हैं। (शाम को) ....
3. चाचा जी कल नागपुर गए हैं। (पिछले गुरुवार को) ....

4. कोष्ठक में दिए गए शब्दों की सहायता से नमूने के अनुसार वाक्य बदलकर लिखो।

नमूना

जैकब कल सिंगापुर गया है। (पिछले साल)

जैकब पिछले साल सिंगापुर गया था।

(दो साल पहले, पहले भी, पिछले साल भी)

1. शीला <u>कल</u> सेलम से लौटी है। (दो साल पहले) ....

© NCERT not to be republished

2. श्रीनिवासन <u>आज</u> जयपुर गया है। (पहले भी) ....

3. सरला <u>आज</u> उपहार लाई है। (पिछले साल भी) ....

5. नीचे दिए गए शब्दों में से उचित शब्द चुनकर वाक्य पूरे करो

(मंडप, हस्तशिल्प, सांस्कृतिक, प्रदर्शनी, छुट्टी)

1. सभी .... खूब सजाए गए थे।
2. इस अवसर पर .... कार्यक्रम भी हो रहे थे।
3. हम दोनों को यह .... बहुत अच्छी लगी।
4. .... के दिन भीड़ बहुत होती है।
5. वहाँ .... की प्रदर्शनी लगी हुई थी।

6. प्रश्नों के उत्तर दो

1. प्रदर्शनी के अवसर पर सुजाता और रंजना ने कौन-कौन से नृत्य देखे?
2. हस्तशिल्प की प्रदर्शनी में हाथ की कढ़ाई से बनी कौन-सी चीज़ सुजाता को मनमोहक लगी?
3. सुजाता ने अपनी चचेरी बहन रंजना के लिए क्या-क्या खरीदा?
4. कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल और उड़ीसा में प्रचलित नृत्यों के नाम लिखों?

योग्यता विस्तार

- कत्थक, यक्षगान, ओडिसी, कुचीपुड़ी, भरतनाट्यम और मणिपुरी नृत्य के विषय में विद्यार्थी सामान्य जानकारी एकत्र करें तथा अपने-अपने क्षेत्र के लोक-नृत्य पर आपस में चर्चा करें।

© NCERT not to be republished